## 'किसी व्यक्ति की मृत्यु रक्त की कमी से ना हो'

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। किसी व्यक्ति की मृत्यु रक्त की कमी से ना हो भारत विकास परिषद् इसके लिए वचनवद्ध है अपने इसी प्रयास को पूरा करने हेतु शाखा द्वारा 43 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

सतीश कुमार अमित कुमार सतीश सेल्स के सहयोग से करौली (ब्लड बैंक) में रक्त की कमी एवं गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक्ता को देखते हुए 29 जनवरी 2023 रविवार को राजकीय चिकित्सालय मोहन नगर हिण्डौन सिटी में रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है।

सचिव वर्धमान जैन एवं रक्तदान प्रभारी शिम्भू गुप्ता ने बताया रक्तदान के प्रति जागरूकता हेतु निर्मल महाविद्यालय में सेमीनार आयोजित की गई जिसमें डॉ.अंकुश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन के माध्यम से अपील करते हुए कहा कि युवा और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रक्तदान से कोई नुकसान नहीं है लेकिन बीमार के लिए रक्तदान नए जीवन की आशा है। सेमीनार को प्रांतीय रक्तदान प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, अशोक गर्ग, मुकेश जैन, प्राचार्य विजेन्द्र सिंह डागुर ने भी सम्बोधित किया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया पौधारोपण



करौली कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर पौधा रोपन करती विभाग की अधिकारी और छात्राए।

**करौली** ( नि.स.) । सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग करौली की ओर से मनाए जा रहे राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह के समापन अवसर पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक रिंकी किराड़ ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका सप्ताह 18 से 24 जनवरी तक मनाया गया कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग करौली द्वारा प्रथम दिवस बुधवार को जिला में ब्लाक स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित करवाया गया द्वितीय दिवस गुरुवार को सरकारी विद्यालयों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कन्या भ्रूण हत्या निषेध एवं बाल विवाह रोकथाम के बिंदुओं पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया तृतीय दिवस शुक्रवार को शहर के सरकारी कार्यालयों एवं भवनो तथा विद्यालयों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए लोगों चश्पा करवाए गए। इसके अलावा टोक शो, कम्युनिटी बैठक सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और बालक बालिकाओं में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखा जाए एवं बालिकाओं की परवरिश बेटों की तरह की जाए। लोगों से बात कही वही ब्लॉक स्तर पर बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम भी आयोजित किए गए उन्होंने बताया कि सप्ताह कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं के साथ पौधारोपण का कार्य किया गया साथ ही जिले के सरकारी कार्यालयों जिला परिषद,नया अस्पताल मण्डरायल रोड,बस स्टैंड तथा आंगनबाड़ी सेंटरों पर भी कदंब, अशोका, अमरुद तथा विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधे लगाए गए कार्यक्रम में विभाग से सूचना सहायक रानू जैन, सुपरवाइजर गोमती मीना, सुमन मीना तथा रेखा गोयल, इंदिरा महिला शक्ति केंद्र प्रबंधक सीमा चतुर्वेदी, प्रियंका बिंदल, छवि, साथिन बबली आदि उपस्थित थे। इसी क्रम में लोकल चैम्पियन खेल शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधि को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

## बालिकाओं ने किया रिहर्सल

**करौली** ( नि.स.)। करौली जिला मुख्यालय पर 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं ने रिहर्सल किया। गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर करौली के माथुर स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान पुलिस परेड, वीरांगनाओं का सम्मान,उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों व व्यक्तियों को पुरस्कृत के अलावा कई अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न विद्यालय की बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे जिसकी तैयारियों को लेकर करौली कलेक्ट्रेट परिसर स्थित टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल की गई। शहर के बाल भारती माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा की छात्राओं ने राजस्थानी गीत बन्नी थारो,सेंट जॉन्स माध्यमिक विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा भारत हमको जान से प्यारा एवं रीमिक्स सॉन्ग,ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा कोरोना की थीम एवं भारत री बेटी,राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली की छात्राओं द्वारा राजस्थानी गीत चोमासो लागयो रे,स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की छात्राओं द्वारा गीत माँ. तुझे सलाम,केंद्रीय विद्यालय करौली की छात्राओं द्वारा गीत छठ चौमासो आयो रे के अलावा विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने देशभक्ति गीतों पर रिहर्सल किया।

## सार-समाचार

### मतदाता दिवस आज

**करौली** नि.स.) । उपजिला निर्वाचन अधिकारी मुरलीधर प्रतिहार ने बताया कि 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल करौली मे किया जायेगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर ''मैं भारत हूं गीत का प्रसारण किया जायेगा।गीत को कार्यक्रम के दौरान प्रसारित किया जायेगा। इसके साथ ही इस वर्ष आयोग द्वारा निर्धारित थीम वोट जैसा कुछ नही,वोट जरूर डालेंगे हम पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।इस संबंध मे उन्होने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये है। उन्होने इस संबंध मे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी करौली,हिण्डौन, सपोटरा व टोडाभीम को भी विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये है।

### रजनीश शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**करौली** (नि.स.)। करौली के सीताबाडी मोहल्ला निवासी रजनीश शर्मा को सनातन पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपना भारतीय सनातन पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित शेषधर पांडे के निर्देश अनुसार करौली के सीताबाड़ी मोहल्ला निवासी रजनीश शर्मा पुत्र जनार्दन शर्मा को अपना भारतीय सनातन पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें पार्टी को उच्च शिखर पर ले जाने हेतु अपनी प्रबल सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### दिनेश चन्द शर्मा अध्यक्ष नियुक्त

**करौली** ( नि.स.) । मां. गुमानो सेवा समिति की कार्यकारिणी की बैठक शहर के चिकना फर्स हरदैनिया की बगीची में हुई जिसमें सर्वसम्मति से दिनेश चन्द शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। चिकना फर्स स्थित गुमानो माता मन्दिर के सेवादार कैलाश शर्मा हरदैनिया ने बताया कि कार्यकारणी गठन को लेकर आयोजित हुई बैठक में दिनेशचन्द शर्मा पीटीआई को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पवन शुक्ला,दिनेशचन्द भीकमपुरा,अशोक पंडित,नरोत्तम गुप्ता को उपाध्यक्ष,रवि बजाज को मंत्री तथा टीकमचन्द शर्मा व गुड्डू बजाज कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी

**भरतपुर** (निस)। गणतंत्र दिवस 2023 को हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर रंजन ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में वैधानिक संस्थाओं के अध्यक्षों, जिले के निवासी भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रित किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही समाज के वंचित वर्गों के लोगों, छात्रावासों के विद्यार्थियों एवं रैन बसेरा में रहने वाले लोगों को शामिल करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति एवं गरिमापूर्ण कार्यक्रम ही शामिल किये जायें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थल पर वाटरप्रूफ शामियाने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं संबंधी प्रभावी एवं सूचनात्मक झॉंकियों के माध्यम से सजीव प्रदर्शन कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास करें।

उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने कार्यालय भवनों पर आकर्षक रंगीन रोशनी किये जाने की व्यवस्था करें साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर आकर्षक रोशनी के साथ ही गरिमापूर्ण तरीके से राष्ट्रीय सम्मान के साथ ध्वजारोहण करें। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर सुभाष गोयल ने मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समस्त राजकीय, निगम बोर्ड, स्वायत्तशाषी, निजी कार्यालय, शिक्षण संस्थाऐं एवं प्रतिष्ठान गरिमापूर्ण रूप से ध्वजारोहण करेंगे।

## वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। ठाम पंचायत बाढ़ करसौली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती राजकुमारी जाटव, कार्यक्रम के अध्यक्ष एमजीजीएस कर्सौली के प्रधानाचार्य सतेंद्र गुप्ता, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य पुरषोत्तम बंसल ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम संयोजक अंकिता गुप्ता व अमृता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं उत्साह वर्धन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे रेनू एंड पार्टी ने सुनो बच्चों उठाओ बस्ता, गौरी एंड पार्टी ने मुझे क्या बेचेगा रुपैया, पायल एंड पार्टी ने स्वच्छता की ज्योत जागी रे, कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार एवं मिठाइयां वितरित की गई।

## मीना ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीना ने मंगलवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

**सवाई माधोपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आशा मीना ने मंगलवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मीना ने दीक्षित को नए दायित्व की बधाई देते हुए जिले में संगठन को मजबूत करने व पार्टी की गतिविधियों के साथ ही कांठोस सरकार की जनविरोधी नीतियों से आमजन को अवगत करवाने के लिए रणनीति तैयार करने संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## नवनियुक्त पुलिस अधिकारी का स्वागत

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। हिंडौन के नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा का शहर के गणमान्य नागरिकों की ओर से हिंडोन स्पोर्ट्स क्लब के बैनर तले स्वागत किया गया।

हिंडोन स्पोर्ट्स क्लब के आयोजन सचिव नफीस अहमद ने बताया कि आज मंगलवार को सुबह 11 बजे बस स्टैंड के पास स्थित सार्वजनिक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में शहर के गणमान्य नागरिकों की ओर से नव पदस्थापित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा को गुलदस्ता भेंट करते हुए स्वागत किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के पदस्थापन पर उन्हें शुभकामनाएं दी और क्षेत्र में अपराधों पर लगाम लगाने के साथ-साथ नशे के कारोबार को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आव्हान किया।

हिण्डौन स्पोर्ट्स क्लब के प्रतिनिधिमंडल में पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, एआईसीसी कोऑर्डिनेटर चेतन शर्मा, लायंस क्लब के ओपी मंगल, रामद्वारा बैडमिंटन क्लब के ओमी धाकड़, भारत विकास परिषद के देवेंद्र शर्मा, सॉफ्टबॉल संघ के विजय शर्मा, पूर्व क्रिकेटर महेश सोनी, समाजसेवी जितेंद्र जैन आदि शामिल रहे।

## अस्पताल में सिविल डिफेंस के जवान नियुक्त

**भरतपुर।** जिला आरबीएम अस्पताल में आरबीएम पीएमओ के निर्देश पर राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी ने अस्पताल में व्यवस्थाओं में सहयोग करने के लिए दस सिविल डिफेन्स के जवानों को ड्यूटी पर लगाया गया है।

अस्पताल पहुंचने पर नर्सिंग अधीक्षक के द्वारा सिविल डिफेंस के जवानों को उनकी ड्यूटी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला आरबीएम अस्पताल में पिछले दो वर्शों में जिला आरबीएम अस्पताल की सुविधाओं में काफी विस्तार हुआ है। अस्पताल का भवन तो छ मंजिला बना ही है। इसके साथ साथ कई सुपर स्पेषियलिटी सुविधाएं भी अस्पताल में षुरू की गई है। जिसके चलते मरीजों की संख्या में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। ऐसे में अस्पताल में चोरी, जेब कटने की घटनाए, झगडे के मामलों पर व्यापक नजर रख पाना अस्पताल प्रषासन के लिए चुनौती बना हुआ है। भले ही अस्पताल में सुरक्षाकर्मी लगे हों लेकिन उनकी संख्या इतनी नही है। इन घटनाओं पर रोक लगा सके। ऐसे में आरबीएम पीएमओ पीएमओ डॉ. जिज्ञासा साहनी के निर्देष पर राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी ने 10 सिविल डिफेन्स के जवानों की नियुक्ति की गई। जिनके द्वारा अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था में तो अपना योगदान दिया ही जाएगा। सिविल डिफेन्स के जवान आपदा की स्थितियों से निपटने में तो माहिर ही हैं। वहीं षांति व्यवस्था बनाए रखने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसके साथ साथ अस्पताल की हेल्प डेस्क को संभालने की जिम्मेदारी भी इन सिविल डिफेंस के जवानों को दी गई है। जिनके द्वारा हेल्ड डेस्क पर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ साथ अस्पताल के वाडों की जानकारी भी हेल्प डेस्क पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## कार्यशाला का आयोजन

**करौली** (नि.स.)। राजकीय महाविद्यालय करौली के इग्नू अध्ययन केंद्र 23 132 पर विद्यार्थियों में इग्नू के कोर्सेज से संबंधित जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर नत्थू सिंह ने विद्यार्थियों को इग्नू से संबंधित विभिन्न कोर्सों की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी प्रदान की।

इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर रविंद्र कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को बताया कि इग्नू के माध्यम से बहु आयामी रोजगार मुखी कोर्सेज में प्रवेश ले सकते हैं राजस्थान सरकार की बालिका दूरस्थ योजना के तहत सभी वर्ग की किसी भी आयु वर्ग की महिला,छात्रा को किसी भी कोर्स में प्रवेश लेने पर फीस पुनर्भरण का लाभ मिलेगा,अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को बीए,बीएससी एवं बीकॉम में निशुल्क प्रवेश की सुविधा मिलेगी। यूजीसी की नई गाइडलाइन के अनुसार एक साथ दो डिग्री की जा सकती हैं जिनमें एक नियमित एवं एक ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग मोड से इग्नू से कर सकते हैं उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु 31 जनवरी तक आवेदन किया जा सकता है और अधिक जानकारी के लिए इग्नू की वेबसाइट पर भी देख सकते हैं।

## रणगंवा ताल पर कराई सफाई

**करौली** (नि.स.) । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रशासन के तत्वाधान में जन सहयोग से 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं करौली के एकमात्र पर्यटन स्थल के संरक्षण व विकास हेतु रणगवा ताल पर सांय महा दीपदान का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एक साथ ग्यारह हजार दीपक प्रज्वलित किए जावेंगें। महा दीपदान की तैयारियों को लेकर रणगवा ताल पर सफाई कार्य चल रहा है। ताल की सीढ़ियों, छतरियों की सफाई करवाकर धुलवाया गया है।

दीपदान कार्यक्रम आयोजन हेतु विभिन्न व्यापार संगठनों,भामाशाहों व आमजन द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया जाकर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम हेतु समाजसेवी हाजी रूखसार अहमद द्वारा इक्कीस हजार रुपये,शिवा एकैडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय के संचालक सुधीर नायर द्वारा कार्यक्रम में आमजन को आने-जाने हेतु चार बसों व छोटे वाहन की व्यवस्था की गई है। प्रदीप जैन पदम स्टोर करौली की ओर से कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु बैनर मुद्रण,जे.पी. मार्केट फूटाकोट व्यापार मण्डल की और से दस हजार दीपक,अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा बारह हजार बत्तियां,फर्नीचर एसोसिएशन,सर्राफा बाजार संघ,रेडिमेड वस्त्र संघ, लाईट व्यापार संघ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बीना गुप्ता,पूर्व चेयरमेन कमलेश कुमारी गर्ग,रीको उद्योग मण्डल के अध्यक्ष प्रकाश भगत,पत्थर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा उर्फ पप्पू पचौरी की ओर से पांच हजार एक सौ रुपये का सहयोग प्रदान किया गया तथा सदर बाजार व्यापार मण्डल,तुलसीदास गोयंका,राम अवतार वर्मा पीडब्ल्यूडी एक्सईएन बाड़ी,स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अशोक सोनी, देवेन्द्र चतुर्वेदी, अधिवक्ता श्रीकान्त शर्मा, सुशील शर्मा एमआरएफ टायर वाले,रिद्धी चन्द बंसल, मदन मोहन जिंदल,धर्मेन्द्र सिंह जादौन, सोमेश बंसल, पुष्पेन्द्र शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, ओमप्रकाश सर्राफ, सुमित गर्ग, अंकुर आचार्य, राम स्वरूप शर्मा कम्पाउण्डर, अनिल शर्मा अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, मंजू सिंहल, संजना सर्राफ, रेनू गर्ग, कल्पना बिन्दल, चुन्नू खान, जगदीश बजाज, रेखा गोयन्का, सुनिता सर्राफ,वर्षा सर्राफ, नीतू गुप्ता व महेन्द्र पंसारी की ओर से अलग-अलग राशि का सहयोग प्रदान किया गया।राजकीय स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल,शिवा एकेडमी उच्च माध्यामिक विद्यालय, एकट बोधग्राम संस्था व आईटीआई कॉलेज की ओर से विद्यार्थियों के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर रंगोली,बैण्ड व्यवस्था व साज सज्जा इत्यादि व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी ली गई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बीना गुप्ता द्वारा बताया कि पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता एवं करौली शहर के एक मात्र पर्यटन स्थल रणगवा ताल के विकास व संरक्षण के उद्देश्य से तथा आम लोगों को इस पर्यटन स्थल से जोड़ने व आमजन में जागृति हेतु महा दीपदान का आयोजन किया जा रहा है। 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर रणगवा ताल पर आयोजित महा दीपदान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने व दीपदान करने हेतु आमजन से अपील की गई है।

## तीन विजेता सम्मानित

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी जिला ईकाई द्वारा सीनियर आदर्श विद्या मन्दिर रणजीत नगर में आर्ट एण्ड कल्चर विशय पर वॉरियर परीक्षा का आयोजन जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री ब्रजेष अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पार्टी के वरिश्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गुप्ता रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा षर्मा प्रधानाचार्य ने की। कार्यक्रम में विषिश्ट अतिथि पार्टी के जिला मंत्री कालीचरण धनगर, उच्चैन मण्डल के महामंत्री राम कुॅवर चुरारी एवं राजेष खरका रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बच्चों को तनावमुक्त परीक्षा देने के लिए स्वस्थ मस्तिश्क एवं स्वस्थ विचारधारा के लिए समस्त भारतवर्श में आर्ट एवं कल्चर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गिरधारी लाल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वर्श युवाओं को तनावमुक्त परीक्षा के लिए प्रोत्साहित करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु टिप्स प्रदान करते है तथा भारतीय संस्कृति एवं कला से विद्यार्थियों को अवगत करवाते है।

## दो दिवसीय चिकित्सा और परामर्श कैम्प का आयोजन



दो दिवसीय चिकित्सा और परामर्श केंद्र का आयोजन किया।

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। ग्राम जटनंगला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 23 जनवरी से 24 जनवरी 2023 को विद्यालय में दो दिवसीय चिकित्सा और परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया।

जिसमें हिण्डौन सिटी हॉस्पिटल से पूरी टीम ने अपना पूर्ण सहयोग किया। टीम में डॉ आशीष शर्मा जनरल फिजिशियन , डॉ मनमोहन शर्मा दंत चिकित्सक , डॉ रंजना खोखर स्त्री रोग विशेषज्ञ , और मोहन सिंह लैब अस्सिस्टेंट सभी ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का परीक्षण और जांच किया। इनके अलावा स्थानीय प्राचार्य सुनील कुमार धाकड़ , डॉ सुमन तोमर उप प्राचार्या , एल पी शर्मा और ताराचंद नैनीवाल, स्टाफ नर्स सुगना मीना आदि मौजूद रहे। प्राचार्य धाकड़ जी ने बताया कि विद्यालय में 510 विद्यार्थी है जिनका डॉक्टर्स की टीम ने बखुबी जांच और इलाज किया। चिन्हित विद्यार्थियों को जांच और इलाज के लिए राजकीय उप जिला हिण्डौन सिटी में भेजा गया। श्री नैनीवाल ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों के दांत , आंख और जनरल जांच की गई और शिविर के अंत मे डॉक्टर्स की टीम के द्वारा विद्यार्थियों द्वारा परामर्श ओर मार्गदर्शन दिया गया ताकि वो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे। डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ रहना जरूरी है जिससे कि मन लगाकर अध्ययन कर सके।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन



बालिका दिवस के अवसर पर संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ( दाएं से चौथे ) ने बालिकाओं को पुरस्कृत किया।

**भरतपुर** (निस)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन मंगलवार को यूआईटी ऑडिटोरियम में सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर सम्भागीय आयुक्त वर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बेटियों की परिवार एवं समाज में अभिन्न भूमिका बताई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बेटियों के लिए जन्म से लेकर शिक्षा प्राप्त करने तक की सम्पूर्ण व्यवस्था विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करवायी जा रही है जिनमें प्रमुख रूप से राजश्री योजना, उडान योजना, मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क यूनीफॉर्म वितरण योजना, कालीबाई भील स्कूटी वितरण, देवनारायण स्कूटी वितरण, राजीव गांधी स्कॉरलशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस एवं अनुप्रीति योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

उन्होंने समारोह में उपस्थित बालिकाओं, महिलाओं एवं अभिभावकों से मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकरण न होने की स्थिति में योजना के लाभों की जानकारी देते हुए पंजीकरण कराने की अपील की। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की महत्वता बताते हुए अभिभावकों एवं बालिकाओं के उत्साहवर्धन एवं जाग्रति पैदा करने के लिए आयोजन को आवश्यक माना तथा उन्होंने उपस्थित बालिकाओं से अपील की कि वे असमाजिक तत्वों का सुदृढ़ता से जबाव दें तथा बालिकाएं अपनी समस्याओं को बेझिझक अपने माता-पिता, भाई-बहन तथा विद्यालय में अध्यापिकाओं को बतायें। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाली 19 मेधावी बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व 5-5 हजार रूपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बेटी को जन्म देने वाली 15 प्रसूताओं के साथ सामूहिक रूप से केक काटकर बेटी जन्मोत्सव मनाया।

## अपनो के इंतजार तक सुरक्षित रहेंगे शव

**गंगापुर सिटी** । घरो में सामान्य मोत हो जाने के बाद परिजनो के इंतजार में मृतक देह सुरक्षित रखने के लिए मानव सेवा संस्थान निशुल्क ड्रीप फ्रीजर उपलब्ध करायेगा। मानव संस्थान की पहल पर भामाशाह जगदीश सिंधी व पीडी गुप्ता की ओर से एक एक ड्रीप फ्रीजर संस्थान को भेंट किए गए जिनका लोकार्पण नरूका प्राइड में समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी सभापति शिवरतन अग्रवाल रहे। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने की। विशिष्ठ अतिथी पूर्व चेयरमेन गीता देवी नरूका, डा मनोज जैन, डा महेन्द्र मीना, ब्राहमण समाज अध्यक्ष हेमन्त शर्मा, इंकम टेक्स कमीशनर केदार मीना, पीडी गुप्ता आदि रहे। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि अस्पताल की मोर्चरी में भी अज्ञात शवो को रखने के लिए बर्फ लगानी पडती थी वहीं जिनके परिजन दूरस्थ रहते है उनके इंतजार में भी घरो में सामान्य मोत होने पर फ्रिजर की व्यवस्था नहीं होने के कारण बर्फ लगानी पडती थी। अब परिजनो के आने तक शवो को सुरक्षित रखने के लिए मानव सेवा संस्थान अपने नाम के अनुरूप मानव जन की सेवा के लिए निशुल्क ड्रीप फ्रीजर उपलब्ध करायेगा।

# भागवत कथा के वर्णन करने से पहले कृष्ण संकीर्तन



श्रीमद्भागवत कथा सुनने काफी संख्या में भक्त उमड़े।

**मेहंदीपुर बालाजी** (नि.सं.)। भव्य श्रीमद्भागवत कथा का तीसरे दिन कथा की शुरुआत 12.30 बजे हुई। इस दौरान सिद्धपीठ बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नरेशपुरी महाराज की ओर से भागवत की मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। साथ ही भागवत व्यास पीठ के परिक्रमा भी लगाई। इसके बाद महाआरती का आयोजन किया। इस अवसर पर भागवत कथा। को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग भागवत पांडाल में पहुंचे। जहां भागवत आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज द्वारा भागवत कथा का वर्णन करने से पहले कृष्ण संकीर्तन किया गया।

कथा का प्रसंग सुनाते हुये कहा की जीवन मे असंभव कुछ भी नहीं है। व्यक्ति को हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। प्रश्नन करने वाला व्यक्ति अगर अपने आप से बार बार प्रशन करोगे तो आपको उत्तर स्वम् से ही मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि संसार में कुछ भी असंभव नहीं है सब कुछ संभव है। उन्होंने कथा में परीक्षित महाराज व सुखदेव की कथा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु के बीच में जीवन है। भगवत प्राप्ति के लिए उनको शरणागत लेनी पड़ती है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं कि बिना गुरु की शरण लिए व्यक्ति भवसागर से पार नहीं हो सकता। व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना बहुत ही आवश्यक है। गुरु की शरण में आया तीन लोक सुखी व परलोक सुखी। भगवान की भक्ति को व्यक्ति दो प्रकार से प्राप्त करता है । पूर्व जन्म के संस्कार ,भजन कीर्तन हमारी इस जन्म में काम आता है।

## कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

**हलैना** (निस) जिले के समाजसेवी एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों सहित कई संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओ ने उपखंड भुसावर क्षेत्र के निठार निवासी ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार अतिरिक्त सचिव व केन्द्रीय वित्तीय सलाहकार वरिष्ठ आईएएस खिल्लीराम मीणा से शिष्टाचार मुलाकात की। जिन्होने जिला व क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। भारत सरकार के द्वारा आईएएस मीणा को ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव व केंद्रीय वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया, जो पहली बार उक्त पद के बाद अपने गांव निठार आए जहां गांव व क्षेत्र के लोगों ने उनका स्वागत किया और अभिनंदन किया। क्षेत्र के लोगो का कहना है कि गांव निठार निवासी खिल्लीराम मीणा ने सरकारी सेवा काल में इमानदारी, वफादारी ,वं कामकाज से देश-विदेश में स्वयं की पहचान कायम कराई और गांव निठार, भरतपुर जिला सहित राजस्थान का नाम रोशन किया है। जिस पर जिला व क्षेत्र के लोग गर्व करते हैं। मुलाकात के समय ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट, रोजगार, विकास, ग्रामीण विकास आदि मुद्दे पर चर्चा भी हुई।